25% से अधिक मूंग की खरीदी राज्य सरकार करे

केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने सीएम डॉ. यादव को लिखा पत्र

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 29 जुलाई. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को राज्य सरकार को 25 फीसदी से अधिक मूंग उपज की खरीदी अपने खर्च पर करने की दो टूक नसीहत दे दी है. साथ ही अनुरोध भी किया हे कि किसानों से खरीदी शीघ्रता से सुनिश्चित करें. इतना ही नहीं उन्होंने ये भी साफ कर दिया है कि मूंग खरीदी के लिए मप्र को कोई टारगेट नहीं दिया गया है.

इधर, इस मामले में एक बार फिर राज्य और केंद्र सरकार के बीच टकराव साफ दिख रहा है. प्रदेश के कृषि मंत्री की ओर से

राज्य सरकार ने जो वक्तव्य जारी किया है, उसमें साफ कहा गया है कि इस वर्ष ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन के लिए मप्र को 4.52 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था.

भारत सरकार की योजना के तहत राज्य के कुल उत्पादन का अधिकतम 25 फीसदी उपार्जन किए जाने की ही प्रावधान है. उसके बाद भी किसानों से चर्चा के बाद किसानों के व्यापक हित में अब प्रत्येक पात्र किसान से उसकी मूंग उपज का 60 फीसदी खरीदा जाएगा. जो नर्मदापुरम, सीहोर एवं हरदा जैसे जिले में लगभग 3 क्विंटल प्रति एकड़ आता है. यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा. हांलाकि किसान राज्य सरकार के इस निर्णय के बाद भी अड़े हुए हैं, उन्होंने अब 3 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी को नाकाफी करार दिया है और इसे कम से कम 5 क्विंटल प्रति एकड़ करने की मांग करने लगे हैं.

यह लिखा है पत्र में

पत्र में कहा गया है कि ग्रीष्मकालीन मौसम 2025-26 के दौरान मूल्य समर्थन योजना पीएसएस के अंतर्गत मूंग खरीद की मात्रा में वृद्धि संबंधी मध्य प्रदेश राज्य के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना का पत्र 28 जुलाई को मुझे प्राप्त हुआ है. इस संदर्भ में, मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि ग्रीष्मकालीन मौसम 2025-26 के लिए, अनुमानित उत्पादन की अधिकतम सीमा 4,54,580 मीट्रिक टन मूंग की खरीद मप्र राज्य हेतु मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है जो इस विभाग द्वारा इस मौसम में विभिन्न राज्यों को खरीद हेतु स्वीकृत कुल 5,23,243 मीट्रिक टन मूंग की मात्रा की स्वीकृति 87 फीसदी मध्य प्रदेश को दी गयी है, जो कि देश में सर्वाधिक है. कृषि मंत्री, एदल सिंह कंषाना के पत्र में केंद्र द्वारा राज्य को 4.54 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य प्रदान किया गया है. जब कि वास्तविकता यह है कि केंद्र सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का खरीदी का लक्ष्य प्रदान नहीं किया जाता है. पीएम-आशा योजना के अंतर्गत उपार्जन हेतु पीएसएस दिशा-निर्देशों में 25 प्रतिशत की सीमा स्वीकृति प्रदान की जाती है. केंद्र सरकार को आज दिनांक 29 जुलाई तक के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य में मूंग की खरीदी लगभग 60 हजार मीट्रिक टन है. अतः किसानों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार से यह अनुरोध है कि मूंग की खरीदी शीघ्रता से सुनिश्चित करने का कष्ट करें.

टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के लिए होगा एमओयू

- ग्वालियर में स्थापित किया जाना है जोन
- केंद्र और मप्र सरकार के साथ दिल्ली में होगा एमओयू

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 29 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर बढ़ रहा है.

संचार मंत्रालय एवं दूरसंचार विभाग, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के तहत ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन स्थापित किया जा रहा है. इस संबंध में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में मप्र शासन एवं दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के बीच प्रस्तावित एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे. यह एमओयू परियोजना के क्रियान्वयन के लिए विशेष प्रयोजन कंपनी के गठन का मार्ग प्रशस्त करेगा और देश में दूरसंचार विनिर्माण के नए युग की शुरुआत करेगा.

लगभग 350 एकड़ में विकसित होने वाला यह अत्याधुनिक प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक क्लस्टर मोबाइल उपकरण, नेटवर्क इक्विपमेंट, ऑप्टिकल फाइबर, सेमीकंडक्टर तथा 5जी और 6जी अनुसंधान एवं विकास सहित दूरसंचार क्षेत्र की सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक ही परिसर में विकसित करेगा. इस परियोजना के प्रथम चरण के लिए भारत सरकार ने 493 करोड़ रुपए का शत-प्रतिशत केंद्रीय अनुदान स्वीकृत किया है. वहीं राज्य सरकार द्वारा सडा क्षेत्र में 100 एकड़ तथा ग्वालियर आईटी पार्क में 70 एकड़, कुल 170 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 596 करोड़ रुपए है. परियोजना के तहत सामान्य परीक्षण एवं प्रमाणन प्रयोगशालाएं, अनुसंधान एवं विकास केंद्र, आधुनिक भण्डारण, सड़क तथा आईसीटी जैसी साझा अधोसंरचना भी विकसित की जाएगी.

> इस महत्वाकांक्षी परियोजना से आगामी वर्षों में लगभग 12 हजार से 15 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है तथा लगभग 5 हजार प्रत्यक्ष कुशल रोजगार सृजित होंगे. इनमें से करीब 3,500 रोजगार प्रथम चरण में ही उपलब्ध होने का अनुमान है.

जर्जर भवनों में न लगाएं कक्षाएं

- जनपद शिक्षा समिति के सभापति ने दिए निर्देश
- स्कूलों की मरम्मत और शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 29 जुलाई. जनपद पंचायत फंदा शिक्षा समिति की बैठक बुधवार को अरेरा कॉलोनी स्थित शासकीय नवीन स्कूल में हुई.

बैठक में जनपद उपाध्यक्ष मलखान सिंह ठाकुर की अनुमति से विकासखंड शिक्षा अधिकारी फंदा विजेता सूर्यवंशी ने एजेंडा रखा. ब्लॉक शिक्षा समिति के सभापति व उपाध्यक्ष ठाकुर ने इंजीनियर को निर्देश दिए कि बारिश शुरू हो गई है. ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में जाकर पुराने भवनों का निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित करें. चिन्हित जर्जर भवनों में कक्षा न लगाएं.

उन्होंने कहा कि जिन भवनों में पानी का रिसाव हो रहा है उनकी तत्काल मरम्मत कराएं. स्कूलों में बच्चों के लिए शौचायल की स्वच्छता सहित अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा जाए जिसमें फर्नीचर की कमी है तो उसको पूरा किया जाएगा. शिक्षक समय पर स्कूल जाएं और बच्चों को अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा दें. बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई. जनपद सदस्य संतोष प्रजापति ने रायसेन रोड की शासकीय स्कूलों की समस्या बताते हुए सभापति को अवगत कराया. बैठक में जनपद सदस्य रतन भील, फंदा बीआरसी रूपाली रिछारिया, जनपद फंदा क्षेत्र के शासकीय स्कूलों के प्राचार्य, जन शिक्षक, बीएसी एवं शिक्षक उपस्थित हुए.

विधेयक परीक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर अंकुश लगाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया स्वागत

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 29 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक 2026 पारित होने का स्वागत कर इसे परीक्षाओं की शुचिता और सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में लोकसभा से लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक 2026 का पारित होना देश के करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है. उन्होंने कहा कि यह विधेयक पेपर लीक माफियाओं, संगठित नकल गिरोहों और लोक परीक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह विधेयक दोषियों के विरूध कठोर कार्यवाई सुनिश्चित कर परीक्षा प्रणाली को अधिक निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाएगा. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विद्यार्थियों के परिश्रम, प्रतिभा

प्राथमिक शिक्षक भर्ती में छूटे अभ्यर्थियों को अंतिम मौका

भोपाल. लोक शिक्षण संचालनालय ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती सत्र 2025-26 के अभ्यर्थियों को एक और राहत दी है. ऐसे उम्मीदवार जो निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने दस्तावेज अपलोड नहीं कर पाए थे या फिर उनका सत्यापन नहीं करा सके थे, उन्हें विभाग एक और मौका देने जा रहा है. विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार आगामी 10 अगस्त से भर्ती पोर्टल को दोबारा खोल दिया जाएगा. जो अभ्यर्थी पिछली समय सीमा में किसी कारणवश सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने से चूक गए थे, वे इस अवधि में अपने दस्तावेज अपलोड कर सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं.

एमओआईएल का शानदार प्रदर्शन 70 प्रतिशत बढ़ा शुद्ध मुनाफा

पहली तिमाही के वित्तीय और परिचालन परिणाम घोषित

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 29 जुलाई. सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी एमओआईएल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के शानदार वित्तीय और परिचालन परिणाम घोषित किए हैं. कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 70 प्रतिशत बढ़कर 87.62 करोड़ रुपये हो गया. मंगलवार को हुई कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में इन परिणामों को मंजूरी दी गई.

कंपनी की ऑपरेशंस से आय 7 प्रतिशत बढ़कर 370.88 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 348.06 करोड़ रुपये थी. वहीं, कुल राजस्व 6 प्रतिशत बढ़कर 391.13 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो एक वर्ष पहले 370.52 करोड़ रुपये था. कर पूर्व लाभ में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई. यह 75 प्रतिशत बढ़कर 111.62 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की पहली तिमाही में यह 63.82 करोड़ रुपये था. इसी तरह नेट सेल्स रियलाइजेशन 10 प्रतिशत बढ़कर 9,749 रुपये प्रति मीट्रिक टन पहुंच गया, जो पिछले वर्ष 8,884 रुपये प्रति मीट्रिक टन था. परिचालन स्तर पर भी कंपनी ने सकारात्मक प्रदर्शन किया. पहली तिमाही में मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 1 प्रतिशत बढ़कर 5,07,605 मीट्रिक टन रहा, जबकि मैंगनीज अयस्क की बिक्री 4 प्रतिशत बढ़कर 3,69,049 मीट्रिक टन दर्ज की गई.

कंपनी प्रबंधन ने कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शन पूरी टीम की मेहनत, परिचालन अनुशासन और प्रतिबद्धता का परिणाम है. प्रबंधन ने कहा कि आने वाले समय में कंपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने, परिचालन दक्षता में सुधार करने और घरेलू इस्पात उद्योग की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी. गौरतलब है कि एमओआईएल लिमिटेड, भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन 'ए' श्रेणी की मिनीरत्न (कैटेगरी-1) केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है। यह देश की सबसे बड़ी मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी है और महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में अपनी भूमिगत एवं ओपन-कास्ट खदानों का संचालन करती है.

दुष्कर्म के दोषी फूफा को तिहरी उम्रकैद की सजा

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 29 जुलाई. जिला अदालत ने बुधवार को 10 साल की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले सगे फूफा को तिहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. न्यायालय ने पीड़िता को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायत देने का निर्देश भी दिया है.

विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला और नवीन श्रीवास्तव ने मामले की पैरवी की. दिव्या शुक्ला ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कुमुदिनी पटेल ने नाबालिग के साथ दुषकर्म करने के दोषी सगे

कोर्ट ने नाबालिग को 5 लाख देने के दिए निर्देश

फूफा को पॉक्सो एक्ट में सश्रम आजीवन कारावास एवं अर्थदंड लगाया है. मामला 19/12/2022 का है. एसओएस की कार्यकर्ता ने पुलिस थाना सूखीसेवनिया में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. नाबालिग का सगा फूफा उसके माता-पिता की मृत्यु के पश्चात उसके पालक और संरक्षक था. आरोपी फूफा नाबालिक के साथ लगातार दो वर्षो तक नाबालिग से दुष्कर्म करता रहा. बच्ची वर्तमान में एक संस्था में रहे रही है.

एक लाख रुपए के सामान सहित चोर गिरफ्तार

भोपाल. छोला मंदिर पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया है. पुलिस के मुताबिक आरोपी अरुण लोधी (25) निवासी सूखी सेवनियां को गिरफ्तार किया गया. आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार किया. आरोपी के पास चोरी किए गए सामान बरामद कराया गया. आरोपी ने एक लाख से अधिक रुपए का सामान चोरी किया था. 13/05/26 को फरियादी प्रेमनारायण सोनी निवासी पुण्यधाम कॉलोनी खेजड़ा ने अपने मकान में चोरी का केस दर्ज कराया था.

रविदास जयंती को लेकर भाजपा की कार्यशाला

नवभारत न्यूज

भोपाल, 29 जुलाई. संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरु पूर्णिमा से संत रविदास जयंती तक चलने वाले समरसता संकल्प अभियान के तहत बुधवार को भाजपा भोपाल नगर की जिला कार्यशाला एवं संगोष्ठी प्रदेश भाजपा कार्यालय के मीडिया सेंटर में आयोजित की गई.

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा भोपाल नगर जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का प्रेरणास्रोत है. उन्होंने कहा कि भोपाल नगर का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके विचारों को घर-घर तक पहुंचाएगा तथा सभी मंडलों में अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि संत रविदास का समरस और समानतामूलक समाज का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है. उन्होंने अभियान की विस्तृत रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा उनके विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का कार्य करेगी.

इस अवसर पर भोपाल के नवनियुक्त एल्डरमैनों का सम्मान भी किया गया. कार्यक्रम में महापौर मालती राय , नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, जिला महामंत्री मुकेश राय, चेतन भार्गव, प्रदीप शेखावत सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

सभी ने सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया. इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में दीपोत्सव का आयोजन किया गया.

43 लाख से बनेगा प्राथमिक शाला भवन

नवभारत न्यूज

बैरसिया, 29 जुलाई. ग्राम पंचायत पिपलिया हसनाबाद में प्राथमिक शाला भवन के निर्माण के लिए 43 लाख 26 हजार रुपए की मंजूरी मिल गई है.

स्कूल भवन लंबे समय से जर्जर हालत में है. सरपंच नजमा लतीफ खान ने विधायक विष्णुखत्री से नवीन प्राथमिक शाला भवन की मांग की थी. विधायक खत्री ने पिपलिया



हसनाबाद गांव दौरा कर उक्त जर्जर स्कूल भवन का निरीक्षण किया और स्कूल शिक्षा विभाग को पत्राचार कर नए भवन निर्माण की मांग की. सरपंच और विधायक के प्रयास से समग्र शिक्षा अभियान की वार्षिक कार्ययोजना में नए भवन के लिए 43 लाख 26 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है. राज्य शिक्षा केन्द्र ने इस आशय का पत्र 24 जुलाई को जारी कर दिया है.

संजू को जूनियर टीम में शामिल

राष्ट्रीय जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में लेंगे भाग

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 29 जुलाई. मंडीदीप के युवा हॉकी खिलाड़ी संजू राजपूत का चयन मध्यप्रदेश जूनियर हॉकी टीम में हुआ है.

वह 29 जुलाई से 8 अगस्त तक तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे. उनके चयन से मंडीदीप और रायसेन जिले के खेल जगत में खुशी का माहौल है. कोच के अनुसार संजू पिछले कई वर्षों से लगातार अभ्यास कर रहे हैं और घरेलू व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं. इसी प्रदर्शन के आधार पर उन्हें मध्यप्रदेश की अंतिम टीम में जगह मिली है.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, जितेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व.श्री दरोगा सिंह, निवासी-276, क्रिस्टल आइडियल सिटी, अवधपुरी, भोपाल म.प्र.।

यह कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में नाम **Alka Rani Yadav** अंकित है जो कि सत्य एवं सही है।

मेरी पुत्री Adya Aaruni के स्कूल रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम Alka Yadav Rani अंकित है जो की भूलवश अंकित हो गया था।

यह कि वर्तमान में मेरी पत्नी Alka Rani Yadav नाम से जानी जाती है, भविष्य में भी मेरी पत्नी को **Alka Rani Yadav** नाम से जाना व पहचाना जायें।

अवसर | **नाथू बरखेड़ा अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अग्निवीर भर्ती रैली**

दौड़ में 556 में से 339 उम्मीदवार सफल

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 29 जुलाई. अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन बुधवार को नाथू बरखेड़ा अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में युवाओं का उत्साह देखने को मिला. सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार पांढुर्ना, गुना, नर्मदापुरम, अशोकनगर और राजगढ़ जिले की पचोर तहसील के अभ्यर्थियों की दौड़ आयोजित की गई.

कुल 662 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 556 दौड़ में शामिल हुए. इनमें 339 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए. भर्ती अधिकारियों के मुताबिक अभ्यर्थियों को शाम से ही रिपोर्टिंग के लिए बुलाया जाता है. रात में दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच और उपस्थिति दर्ज करने के बाद अलग-अलग जिलों के अनुसार बैच बनाए जाते हैं.

इसके बाद तड़के दौड़ कराई जाती है. दौड़ में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया के लिए रोका जाता है, जबकि असफल अभ्यर्थियों के लिए वापस जाने की

व्यवस्था भी की गई है. सेना भर्ती अधिकारी जे.एस. सिंह ने बताया कि दौड़ के बाद दस्तावेजों की विस्तृत जांच, शारीरिक दक्षता परीक्षा, ऊंचाई, वजन और सीने का माप लिया जाता है.

सभी चरण पार करने वाले अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण होता है. यदि मेडिकल में किसी प्रकार की आपत्ति आती है तो उम्मीदवार को मिलिट्री अस्पताल में निर्धारित समय के भीतर समीक्षा का अवसर दिया जाता है. अधिकारियों के अनुसार सभी चरण पूरे होने के बाद अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी. रिक्त पदों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा. यह रैली मध्यप्रदेश के 15 जिलों के लिए आयोजित की जा रही है, जबकि धर्मगुरु और एजुकेशन हवलदार श्रेणी की अलग भर्ती प्रक्रिया बाद में होगी, जिसमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के अभ्यर्थी शामिल होंगे.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निदेशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	145813235 & 84822810	संपत्ति के बदले ऋण	09-07-2026	6,81,371.39/-

उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नाम: 1. सुरेश मीणा 2. लक्ष्मी बाई मीणा

संपत्ति का पता: वह अचल संपत्ति का हिस्सा और टुकड़ा, यानी 900 वर्ग फुट (83.64 वर्ग मीटर) जमीन, जो पीएच नंबर 01, खसरा नंबर 437 में शामिल है और गाँव: गोरा, तहसील: बाबई माखन नगर, ज़िला: होशंगाबाद नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश-461001 में स्थित है, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व: रास्ता, पश्चिम: भोलेराम, उत्तर: हरि सिंह, दक्षिण: रास्ता।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 30.07.2026
स्थान: मध्यप्रदेश
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)
कोल इस्टेट, सिविल लाईन, नागपुर-440001, महाराष्ट्र, इंडिया. वेबसाईट - www.westerncoal.in

सूचना

कोल इंडिया लिमिटेड तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा वस्तुओं, कार्यों और सेवाओं की खरीद हेतु जारी की गई सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**, संबंधित सहायक कंपनी की वेबसाईट (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) **www.westerncoal.in**, CIL ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** तथा सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। वस्तुओं और सेवाओं की खरीद (यदि वे GeM पोर्टल पर उपलब्ध है) GeM पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से की जाती है।

AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)

REQUEST FOR PROPOSAL

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following

Sr.No.	Title and Tender ID No.	Bid Due Date	Bid Opening Date
01	Establishment of Chhatrapati Sambhajinagar Zoo - Supply of Trees for Plantation (SH: Horticulture Works) 2026_ASCDC_1322828_1	05 August 2026	07 August 2026 16:00 hrs.

The tender document can be downloaded from **https://www.mahatenders.gov.in**

Sd/-
Chief Executive Officer
Aurangabad Smart City Development Corporation Limited

MOIL LIMITED

(A Government of India Enterprise)
Moil Bhawan, 1-A, Katol Road, Nagpur-440013
Website : www.moil.nic.in | E-mail : compliance@moil.nic.in
Telefax : 0712-2591661 | CIN: L99999MH1962GOI012398

Extracts of unaudited financial results for the quarter ended 30th June, 2026

(₹in lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended		Year ended
		30.06.2026	30.06.2025	31.03.2026
		Unaudited	Unaudited	Audited
1	Total income from operations	37088.33	34805.98	147283.82
2	Net profit /(loss) for the period (before tax, exceptional and /or extraordinary items)	11162.36	6382.44	33784.01
3	Net profit /(loss) for the period before tax (after exceptional and /or extraordinary items)	11162.36	6382.44	33784.01
4	Net profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and /or extraordinary items)	8761.61	5150.58	26747.97
5	Total comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	7383.82	3925.00	21256.84
6	Equity share capital (Face value of ₹10 each)	20348.52	20348.52	20348.52
7	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet	257960.11	247366.33	250576.30
8	Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹10 each)			
	Basic	4.31	2.53	13.14
	Diluted	4.31	2.53	13.14

Notes :

(1) The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 29th July, 2026 and have been reviewed by Statutory Auditors of the company. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.

(2) The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter ended 30th June, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in detailed format are available on the websites of Stock Exchanges (**www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**) and on the Company's website (**www.moil.nic.in**).

(3) MOIL Limited alongwith Madhya Pradesh State Mining Corporation Limited (MPSMCL) incorporated a Joint Venture Company(JVC) namely MOIL MPSMCL Mining Limited on 04.06.2026. The JVC is yet to commence the business as on 30.06.2026. Hence, the consolidated financial statement for quarter ended 30.06.2026 has not been prepared.

Scan QR Code for detailed Results

Place : New Delhi
Date : 29th July, 2026

For MOIL Limited
Sd/-
V Suresh
Chairman-cum-Managing Director
DIN : 10059734

(हर एक काम, देश के नाम) (MOIL-Adding Strength to Steel)